# रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और कृषि क्षेत्र में यूपी का साझेदार बनेगा इजरायल

## इजरायली कंपनियों ने छह सेक्टर में निवेश की जताई इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी व कृषि के क्षेत्र में पूरे विश्व को नई राह दिखाने वाला इजरायल इन क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश का तकनीकी साझेदार बनेगा। इजरायली कंपनियों ने फार्मास्यूटिकल्स, डिफेंस एंड एयरोस्पेस, एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी, आइटी, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग और वाटर मैनेजमेंट जैसे छह सेक्टर में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सीएम योगी की टीम के साथ इजरायल की कंपनियों की चर्चा के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं और यह तय माना जा रहा है कि प्रदेश में डिफेंस और एयरोस्पेस का स्ट्रक्चर खड़ा करने में इजरायल महत्वपूर्ण साझीदार बनेगा। बता दें कि यूपी में डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर कारीडोर के लिए छह नोड बनाए गए हैं, जिनमें इजरायल की बड़ी भूमिका होगी। इसके अलावा प्रदेश के कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए उन्नत तकनीकों के साथ इजरायली कंपनियां प्रवेश कर सकती हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में वाटर मैनेजमेंट को लेकर इजरायल पहले से ही उत्तर प्रदेश का सहयोगी है।

**हाइफा और तेल अवीव के उद्योगों से संपर्क में सरकार**

योगी सरकार के अधिकारी इजरायल में तेल अवीव और हाइफा जैसे बड़े औद्योगिक शहरों में स्थापित उद्योगों से लगातार संपर्क में हैं। इसके अलावा इजरायल के सिलिकान वैली की आइटी कंपनियों के साथ भी प्रदेश सरकार बातचीत को अंतिम परिणाम तक ले जाने की तैयारी कर रही है। कृषि और सिंचाई विभाग के अधिकारी इजरायल के साथ डील फाइनल करने के लिए तैयार है। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों की टीम इजरायली कंपनियों के साथ बातचीत के लिए लगाई गई है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
10-12 FEBRUARY 2023

### बड़े निवेश का इशारा कर गए इजरायल के राजदूत

हाल ही में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन के बयान ने योगी सरकार की उम्मीदों को बल दिया है। उन्होंने कहा था कि आइटी, सुरक्षा और रक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्र में यूपी के साथ इजरायल महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए तैयार है। गिलोन ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में इजरायल की कई परियोजनाएं पहले से चल रही हैं। बुंदेलखंड में पानी की समस्या को खत्म करने के लिए चल रही परियोजनाएं उनमें से एक हैं।

### किस सेक्टर में किन-किन कंपनियों से हो रही बात

**डिफेंस** : एल्बिट सिस्टम, राफेल, इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज, थालेज, बोइंग, एनी विजन, लाकहीड मार्टिन, टास्क, बीएई सिस्टम।

**फार्मा** : टेवा फार्मास्यूटिकल्स इंडस्ट्री लिमिटेड, टारो फार्मास्यूटिकल्स इंडस्ट्री लिमिटेड, कामदा फार्मास्यूटिकल्स, यूरोजेन फार्मा, सालजेल टेक्नोलाजी, एंलिवेक्स थैर्पुटिक्स, बोनस बायोग्रुप।

**कृषि** : डौक्स मेटाक, इंनोवो प्रो, हिनोमैन, टेस्टवाइज, टिपा क्राप, इनफार्म, क्राप एक्स।

**आइटी** : सनहाउस मार्केटिंग, पेंगुइन, विनटेक्स, पर्सेप्टो, जिनार, डायस मार्केटिंग, माबअप्स, सेज मार्केटिंग, जूजेक्स।

**इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग** : वी-जेन, आरडीटी इक्विपमेंट एंड सिस्टम, आइडिया मशीन डेवलपमेंट डिजाइन एंड प्रोडक्शन, एडीआई सिस्टम लिमिटेड, बीएमके, टेलीफायर, ओपगल, सूसन एसीए, एएमएस इलेक्ट्रानिक्स।

**वाटर मैनेजमेंट** : विंट, ड्रिजल एक्स, हिलको, एल्यूमर, ऐरिजान, सोल्यूम।